राजस्थान के जलदाय मंत्री मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बुधवार को कहा कि उनके विभाग में जल्द ही 25 हजार कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। चौधरी बुधवार को कुचामन सिटी के दौरे पर थे। उन्होंने नगर परिषद सभागार में जिले भर के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

भर्ती की जानकारी देते मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व अन्य

4 लाख नौकरियां देने का वादा पूरा करेगी भजनलाल सरकार

बैठक के बाद जलदाय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल में चार लाख नौकरियां देने का वादा किया है, हम उसे पूरा करेंगे। हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है। पिछली कांग्रेस सरकार की तरह सिर्फ घोषणाएं नहीं करती।

मंत्री चौधरी ने कहा कि सरकार राज्य के हर क्षेत्र के लिए किए गए बजट आवंटन को बजट घोषणा के अनुरूप खर्च करेगी। पिछली कांग्रेस सरकार की तरह नहीं, जो केवल बजट घोषणाएं करती थी और अपने पूरे कार्यकाल के दौरान बजट खर्च नहीं कर पाती थी। हमने चार लाख भर्तियां करने की बात कही थी, उस पर अमल शुरू कर दिया है। कई भर्तियों की अधिसूचना जारी हो चुकी है और कई की जारी होनी बाकी है। अकेले जलदाय विभाग में ही 25 हजार कर्मचारियों की भर्ती जल्द की जाएगी।